# लोक शिक्षण संचालनालय

ब्लॉक –"C" इन्द्रावती भवन,
अटल नगर, रायपुर छत्तीसगढ़
ई–मेल schoolscholarship717@gmail.com दूरभाष नं 0771– 2511192 फैक्स 0771–24445215


क्र. / 57–2 / छा.वृ. / छ.ग.म.दु.यो. / 2025–26 / 34 नवा रायपुर, दिनांक 19 / 05 / 2025

प्रति,

**समस्त जिला शिक्षा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़**

**विषय :– छ.ग. महतारी दुलार योजना सत्र 2023–24 निजी शाला शुल्क बाबत।**

**संदर्भ :–** इस कार्यालय का पत्र क्र. 57–2 / छा.वृ. / छ.ग.म.दु.यो. / 2024–25 / 486 नवा रायपुर दिनाँक 19.03.2025

––0––

विषयांतर्गत लेख है कि योजनान्तर्गत सत्र 2023–24 के विद्यार्थियों के निजी शाला शुल्क का छात्रवृत्ति पोर्टल पर पंजीयन हेतु संदर्भित पत्र द्वारा दिनाँक 28.03.2025 की समयसीमा दी गयी थी। खेद का विषय है कि पोर्टल से दिनाँक 14.05.2025 की संलग्न रिपोर्ट अनुसार 6 जिलों में अनुमानित लक्ष्य के विरूद्ध शत्प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है, जबकि सर्वाधिक लक्ष्य के जिले बिलासपुर, महासमुंद, सारंगढ, सुरजपुर, दुर्ग आदि में प्रगति निराशाजनक है।

अतः दिनाँक 26.05.2025 की समय सीमा तय करते हुये निर्देशित किया जाता है कि शीध्र कार्य पूर्ण करें तथा संलग्न **"कार्यपूर्णता प्रमाण पत्र प्रारूप"** पोर्टल पर उपलब्ध लिंक से प्राप्त कर हस्ताक्षरित प्रति अपलोड करें। नियत समयावधि के बाद लिंक बंद कर दिये जाने पर कोई भी पात्र विद्यार्थी वंचित होता है, तो इसके लिये आप स्वयं जिम्मेदार होंगे।

संलग्नः–

1. 2023–24 पूर्णता प्रमाण पत्र का प्रारूप।
2. पोर्टल पर सत्र 2023–24 पंजीयन रिपोर्ट।

Digitally signed by
RITURAJ RAGHUVANSHI
Date: 16-05-2025
19:34:21

संचालक
लोक शिक्षण संचालनालय,
**नवा रायपुर (छ.ग.)**

पृ.क्र. / 57–2 / छा.वृ. / छ.ग.म.दु.यो. / 2025–26 / 35 नवा रायपुर, दिनांक 19 / 05 / 2025

**<u>प्रतिलिपि</u>–**

1. सचिव छ.ग.शासन स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर की ओर सूचनार्थ ।
2. समस्त संयुक्त संचालक, शिक्षा संभाग छ.ग. की आरे सूचनार्थ।
3. श्रीमती ललिता वर्मा, वैज्ञानिक –"सी" एन.आई.सी. मंत्रालय की ओर सूचनार्थ व आवश्यक प्रमाण पत्र को छात्रवृत्ति पोर्टल पर MDY योजना के लिंक– "कार्यपूर्णता प्रमाण पत्र– डाउनलोड व अपलोड करे" में उपलब्ध करावें।

सही
**संचालक**
**लोक शिक्षण संचालनालय,**
**नवा रायपुर (छ.ग.)**

## जिला कार्यालय का लेटरहेड

**छत्तीसगढ़ महतारी दुलार योजना**

**सत्र 2023–24 निजी शाला शुल्क राशि की प्रतिपूर्ति हेतु कार्य पूर्णता प्रमाण–पत्र**

क्रमांक.............................. दिनाँक...................................

प्रमाणित किया जाता है कि छ.ग.महतारी दुलार योजना 2021 की अधिसूचना दिनाँक 22 मई 2021 की कंडिका 4 में पात्रता की शर्तो अनुसार सत्र 2023–24 के निजी शाला शुल्क हेतु पात्र सभी विद्यार्थियों का पंजीयन व सत्यापन पूर्ण कर लिया गया है। जिले के कुल पात्र.......................विद्यार्थियों को निजी शाला शुल्क हेतु पंजीकृत प्रमाण पत्र अनुसार निजी शाला शुल्क का वितरण किया जा सकता है। जिले में कोई भी पात्र विद्यार्थी निजी शाला शुल्क की प्रतिपूर्ति राशि के पंजीयन/सत्यापन व वितरण की कार्यवाही हेतु DPI के लॉगिन पर भेजने हेतु शेष नहीं है।

दिनाँकः–

(हस्ताक्षर)
जिला शिक्षा अधिकारी
जिला...............................
छत्तीसगढ़